

# मेजबान एमपी ने जीता स्वर्ण पदक

## मंत्री सारंग ने छोटे तालाब में किया 14वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट चैंपियनशिप का शुभारंभ

**भोपाल, 6 जनवरी. सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को राजधानी भोपाल के छोटे तालाब में आयोजित 14वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट सीनियर, जूनियर पुरुष एवं महिला ड्रैगन बोट चैंपियनशिप का विधिवत शुभारंभ किया.**

इस अवसर पर मंत्री सारंग ने अपने संबोधन में कहा कि मध्यप्रदेश में 'खेलो एमपी' का आयोजन 12 जनवरी से प्रारंभ होने जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रदेश की खेल प्रतिभाओं का चयन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का यह मॉडल देश के अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय है और हमारा प्रयास है कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर अपनाए. मंत्री श्री सारंग ने भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाह के प्रयासों की सराहना भी की.

चैंपियनशिप के दौरान मेजबान मध्यप्रदेश ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की. सीनियर डी-10 मिक्स इवेंट के फाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेश टीम ने 9:46.267 मिनट के समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया. महाराष्ट्र ने 9:56.146 मिनट के साथ रजत, जबकि पंजाब ने 9:56.555 मिनट के समय के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया.

प्रतियोगिता के पहले दिन दो किलोमीटर की रेस आयोजित की गई. खेल मंत्री सारंग, भोपाल महापौर मालती राय तथा एशियन कैनो फेडरेशन के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा ने पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया.

उल्लेखनीय है कि इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में देशभर से एक हजार से अधिक खिलाड़ी सहभागिता कर रहे हैं. प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को दो किलोमीटर की शेष फाइनल रेस तथा 500 मीटर की हीट्स एवं फाइनल रेस आयोजित की जाएंगी.

### शोध, नवाचार के लिए मिलेंगे 5 लाख तक के पुरस्कार

**भोपाल.** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'शोध शिखर 2026' का आयोजन 6 एवं 7 फरवरी को विश्वविद्यालय परिसर में किया जा रहा है. सम्मेलन में प्रतिभागियों को रिसर्च प्रोजेक्ट, रिसर्च पेपर एवं आइडिया कॉमर्शियालाइजेशन कैटेगरी में 5 लाख रुपये तक के पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा. रिसर्च पेपर में यूजी-पीजी छात्रों के अलावा शोधार्थी, एकेडमिशियन, साइंटिस्ट प्रतिभागिता कर सकेंगे. इसमें एक व्यक्ति एक से अधिक पेपर सब्मिट कर सकता है. रिसर्च प्रोजेक्ट कैटेगरी में डिप्लोमा के साथ यूजी एवं पीजी स्टूडेंट प्रतिभागिता कर सकेंगे. इसमें अधिकतम चार छात्र एवं 1 शिक्षक के साथ टीम बन सकेगी.

# सभी कॉलेज 15 तक पूरा करें मैपिंग कार्य

- एसीएस ने केंद्रीय अध्ययन मंडल के अध्यक्ष सदस्यों के साथ की समीक्षा बैठक

**भोपाल, 6 जनवरी. अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा अनुपम राजन ने मंगलवार को मंत्रालय में स्वयं पोर्टल के संबंध में 35 व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का निर्माण करने वाले केंद्रीय अध्ययन मंडल के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की. उन्होंने 'स्वयं' पोर्टल की प्रगति तथा पाठ्यक्रमों की मैपिंग की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए.**

अपर मुख्य सचिव राजन ने कहा कि वर्तमान में उपलब्ध सभी व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की स्वयं पोर्टल के साथ अनिवार्य रूप से मैपिंग 15 जनवरी तक पूर्ण की जाए, जिससे इन पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को क्रेडिट का लाभ मिल सके. 'स्वयं' पोर्टल पर संचालित नए एवं अन्य रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को समूह बनाकर शामिल किया जाए, जिससे विद्यार्थियों का कौशल संवर्धन हो सके और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की दौड़ में अपने आपको साबित कर सके. इसके साथ ही उन्होंने व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के साथ छोटे-बड़े सभी विषयों को भी 'स्वयं' पोर्टल के पाठ्यक्रमों के साथ मैपिंग सुनिश्चित करने को कहा.



बैठक में आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग प्रबल सिपाहा, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी प्रोफेसर अनिल पाठक, 'स्वयं' पोर्टल की नोडल अधिकारी डॉ. दिवा मिश्रा, सहित केंद्रीय अध्ययन मंडल के सदस्य उपस्थित रहे.

# आंचलिक विज्ञान केन्द्र में हुई विज्ञान प्रश्नोत्तरी स्पर्धा

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 6 जनवरी. आंचलिक विज्ञान केन्द्र के सभागार में जब प्रश्नपत्र खुलते ही विद्यार्थियों की आंखों में उत्सुकता चमकी, तभी यह साफ हो गया, कि विज्ञान यहां केवल विषय नहीं, एक सोच के रूप में सामने आने वाला है. इसी माहौल के बीच मंगलवार को अंतर विद्यालय वार्षिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ हुआ.**




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सवाल पूछने की आदत और सुधार की भावना हर नागरिक का मूल कर्तव्य है. उन्होंने बच्चों से रटने के बजाय सोचने और तर्क करने की प्रवृत्ति विकसित करने का आह्वान किया. नेहरू विज्ञान केन्द्र मुंबई के निदेशक उमेश कुमार रुस्तगी वर्चुअल माध्यम से जुड़े. उन्होंने कहा कि यह प्रश्नोत्तरी सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति दीर्घकालिक रुचि जगाने का मंच है, जिसने वर्षों से हजारों बच्चों को प्रेरित किया है.

प्रतियोगिता में 36 विद्यालयों के 142 विद्यार्थियों ने भाग लिया. जिसका लिखित एलिमिनेशन राउंड जूनियर और सीनियर वर्ग में हुआ. प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले फरवरी में आयोजित किया जाएगा. आयोजकों के अनुसार यह पहल विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक क्षमता और वैज्ञानिक चेतना को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है.

# ऊर्जस्विता समारोह में नारी शक्ति का होगा सम्मान

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 6 जनवरी. आईएचएम सभागार में बुधवार को अनुनय एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित ऊर्जस्विता सम्मान समारोह में इस वर्ष 25 महिला विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा. समारोह की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया करेंगी.**

संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी मुख्य अतिथि होंगे. महापौर मालती राय, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे और आईएचएम के प्राचार्य डॉ. रोहित सरीन विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे. कार्यक्रम में मप्र की सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जयश्री कियावत को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा. संस्था की अध्यक्ष माही भजनी ने बताया कि ऊर्जस्विता सम्मान का उद्देश्य समाज को दिशा देने वाली उन महिलाओं को सामने लाना है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में नई पहचान बनाई है. समारोह में प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, अध्यात्म, जनजातीय संस्कृति, सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा.

### हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी के लिए क्रिकेट टीम घोषित

**भोपाल.** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाली हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी के लिए भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव शांति कुमार जैन ने पहले मैच के लिए अंडर-18 बॉयज टीम की घोषणा की. टीम का पहला मैच 7 से 10 जनवरी को ओएफसीए मैदान भोपाल में उज्जैन के विरुद्ध खेलेगी. टीम के बल्लेबाजी कोच अभय गोस्वामी, गेंदबाजी कोच प्रत्युश चटर्जी, सहायक कोच अक्षय दुबे (सीहोर) को जिम्मेदारी सौंपी गई है. टीम में ओजस शुक्ला (कप्तान), आलिफ़ हसन (उपकप्तान), हर्षित शर्मा (विकेटकीपर), जय रघुवंशी (विकेट कीपर), कुश राजपूत, कनिष्क गौतम आदि शामिल हैं.

# कृति तिनका में कैनवास पर बुनी देहात की चारपाई

- कलाकार लकी जायसवाल के चित्रों की प्रदर्शनी

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 6 जनवरी. अलायंस फ्रांसीसी द की दीवार पर टंगी एक पेंटिंग के सामने दर्शकों को रुकते ही ऐसा लगा मानो मिट्टी की गंध और सूखी लकड़ी की खनक आंखों के सामने जीवित हो उठी हो. कलाकार लकी जायसवाल की कृति तिनका में देहाती चारपाई केवल एक वस्तु नहीं, बल्कि पूरे गांव का जीवन दर्शन समेटे नजर आती है.**



भोपाल में पहली बार लगी लकी जायसवाल की 22 सोलो पेंटिंग्स में ग्रामीण जीवन की सादगी और संसाधनशीलता प्रमुखता से उभरती है.

एक्रेलिक रंगों से बने छह बाई चार फुट के कैनवास पर चारपाई की बुनावट इतनी बारीकी से उकेरी गई है कि देखने वाला उसकी गांठों और तानों को महसूस कर सकता है.

# एनआईडी एमपी और एआईएफडी बेंगलुरु में एमओयू

## दोनों संस्थान टेक्सटाइल डिजाइन शिक्षा व नवाचार पर करेंगे काम

**भोपाल, 6 जनवरी. डिजाइन शिक्षा और अनुसंधान को नई दिशा देने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (एनआईडी) मध्य प्रदेश और आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन (एआईएफडी) बेंगलुरु के बीच एमओयू (समझौता) हुआ है. इस साझेदारी से दोनों संस्थान मिलकर डिजाइन शिक्षा को अधिक व्यावहारिक और नवाचार से जोड़ने की दिशा में काम करेंगे.**

एनआईडी एमपी परिसर में हुए कार्यक्रम में दोनों संस्थानों के प्रमुखों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए. इस अवसर पर एनआईडी एमपी के रजिस्ट्रार और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे. समझौते के तहत शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग का ढांचा तैयार किया गया है.



इस सहयोग का प्रमुख उद्देश्य एआईएफडी बेंगलुरु में टेक्सटाइल म्यूजियम की स्थापना करना है, जहां देश की समृद्ध वस्त्र परंपरा और आधुनिक डिजाइन कार्यों को संरक्षित और प्रदर्शित किया जाएगा. इसके साथ ही एनआईडी एमपी के सहयोग से एआईएफडी के शिक्षकों को डिजाइन आधारित अकादमिक समर्थन दिया जाएगा.



# हिंदू सम्मेलन के लिए किया भूमिपूजन

**भोपाल.** राजधानी भोपाल के नर्मदापुरम रोड पर फाइन मैरिज गार्डन में 11 जनवरी को सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. विराट हिंदू सम्मेलन के लिए हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा विगत रविवार 4 जनवरी को भूमिपूजन किया गया.

### संत हिरदाराम नगर में जगह-जगह होंगे हिन्दू सम्मेलन

**भोपाल, 6 जनवरी.** संत हिरदाराम नगर में 10 से 25 जनवरी तक विभिन्न स्थानों पर सकल हिन्दू सम्मेलन होंगे, जिसके लिये पालक बनाये गये हैं. सभी हिन्दू समाज से अपील की गई कि उपस्थित होकर सम्मेलनों को सफल बनायें. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरआरएस) के नगर संघ चालक बसंत चेलानी, नगर कार्यवाहक मुकेश कराड़े, सह नगर कार्यवाहक मनीष जैन ने बताया कि अय्यपा बस्ती के पूजा श्रीनगर में 18 जनवरी रविवार सुबह 10 बजे, बाल्मिकी बस्ती के मैथिली पार्क में 25 जनवरी को सुबह 11 बजे.

### आज 50 इलाकों में बिजली कटौती

**भोपाल.** भोपाल शहर में मेंटनेंस के लिए बुधवार को 50 इलाकों में बिजली कटौती होगी. बुधवार सुबह 10 से शाम 4 बजे तक मालीखेड़ी, शबरी नगर, पिपलिया बाज खां, विजय नगर, पटेल नगर, विजय मार्केट, बिहारी बस्ती, रीगल स्टेट, रॉयल होम्स, इस्लामपुरा, भोईपुरा, बैंड मास्टर चौराहा, फिरदोश नगर, शीतला नगर, निशातपुरा, श्रीनगर, सरदार नगर, नारियलखेड़ा. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक ओम नगर, सेवन नगर, बैरागढ़ रोड, आरके रेजीडेंसी, सिटी वॉक, आनंदम, कल्याणी कुंज, पूर्वांचल फेस-2, रीगल कलश, शिवलोक ग्रीन, अभिनव होम्स, निर्मल नगर, नागार्जुन नगर, टेगौर नगर, घरोंदा, सुबह 11 से 1 बजे तक देवकी नगर, पन्ना नगर. सुबह 11 से 2 बजे तक दुर्गा नगर, शंकर नगर, पलासी में बिजली बंद रहेगी.

# गुलाब प्रदर्शनी : 'गुलाब बगीचा' श्रेणी में मिलीं 65 प्रविष्टियां

- आज व कल टीमें करेंगी गुलाब बगीचों का मुआयना

**भोपाल, 6 जनवरी. गुलाब उद्यान में 9 जनवरी से आयोजित होने वाली गुलाब प्रदर्शनी के 'गुलाब बगीचा'' इवेंट में भोपाल शहर और आसपास के क्षेत्र से 65 प्रविष्टियां प्राप्त हुई. रोज सोसायटी और उद्यानिकी विभाग की 6 संयुक्त टीम इन गुलाब बगीचों का 7 और 8 जनवरी को मुआयना करेंगी.**

आयुक्त उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण अरविन्द दुबे ने बताया कि मध्यप्रदेश फूलों के उत्पादन में देश में द्वितीय स्थान पर है. राज्य सरकार द्वारा फूलों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं. इसी कड़ी में प्रतिवर्ष भोपाल स्थित गुलाब उद्यान परिसर में गुलाब प्रदर्शनी का आयोजन 9 से 11 जनवरी तक किया जाता है. गुलाब के प्रति आम लोगों के रूझान को देखते हुए गुलाब उत्पादकों के बीच स्वस्थ प्रतियोगिता का आयोजन इस वर्ष भी किया जा रहा है. इसमें गमले से लेकर बगिया तक गुलाब के फूलों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाना है. यह प्रतियोगिता प्रारंभ हो चुकी है. आयुक्त दुबे ने बताया कि भोपाल शहर और उसके आसपास लगभग 40 किमी क्षेत्र में विकसित किये गये गुलाब उद्यानों की 65 प्रविष्टियां स्पर्धा में शामिल की गई हैं. 7 और 8 जनवरी को रोज सोसायटी और उद्यानिकी विभाग के प्रतिनिधि गुलाब उद्यानों का निरीक्षण कर उनका मूल्यांकन करेंगे. 9 जनवरी को घरों में गमलों में लगाये गुलाबों का प्रदर्शन गुलाब उद्यान में किया जायेगा.



# धोती-कुर्ता पहनकर खेला क्रिकेट, संस्कृत में कमेंट्री

- महर्षि मैत्री छठवीं श्रृंखला का दूसरा दिन : 6 मुकाबलों में दिखा रोमांच

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 6 जनवरी. महर्षि मैत्री छठवीं श्रृंखला क्रिकेट प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस मंगलवार को अंकुर खेल मैदान पर कुल 6 रोमांचक मुकाबले खेले गए. सभी मैच 8-8 ओवर के निर्धारित प्रारूप में आयोजित किए गए, जिसमें खिलाड़ियों ने सीमित ओवरों में शानदार बल्लेबाजी और अनुशासित गेंदबाजी का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया. पूरे दिन मैदान पर खेल भावना, उत्साह और प्रतिस्पर्धा का वातावरण बना रहा.**

दूसरे दिन के पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा स्वयं मैदान पर पहुंचे. उन्होंने खिलाड़ियों से संवाद किया, पिच पर चौके-छक्के लगाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पुष्पेंद्र मिश्रा महेंद्र मिश्रा पीठाधीश्वर बृजमोहन दास महाराज (दिगंबर हरि अखाड़ा), लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. शिवम दुबे, कर्मचारी नेता अशोक पांडे, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, मृगेंद्र सिंह, महेंद्र मिश्रा और नीरज शर्मा उपस्थित रहे.

प्रतियोगिता की एक विशेष पहचान यह रही कि मैचों की कमेंट्री संस्कृत भाषा में की जा रही है, जिसे सुनकर दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला. संस्कृत कमेंट्री के माध्यम से प्राचीन भाषा और आधुनिक खेल का अनूठा संगम देखने को मिला.

**मुकाबलों के परिणाम :**

- **नीलकंठ और ब्रह्मवेद उज्जैन - विजेता :** नीलकंठ
- **राज राजेश्वरी और मां वैष्णो धाम - विजेता :** मां वैष्णो धाम
- **सिद्धपुर सीहोर और रुद्र यज्ञ सेना - विजेता :** रुद्र यज्ञ सेना
- **काशीनाथ रायसेन और लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विद्यालय दिल्ली विजेता :** एलबीएस
- **याज्ञिक एकादश और महाकाल वॉरियर - विजेता :** याज्ञिक एकादश

**युवा अभ्युदय कार्यक्रम** | इंस्टीट्यूट फॉर एक्सीलेंस इन हायर एजुकेशन में हुआ आयोजन

# युवाओं को सामाजिक दायित्व से जोड़ने पर दिया जोर

- सेवा संकल्प समिति ने आयोजित किया कार्यक्रम
- अतिथियों ने विद्यार्थियों को बैज प्रदान किए गए

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 6 जनवरी. सेवा केवल मदद नहीं, बल्कि लोगों को आत्मनिर्भर बनाना ही उसका असली उद्देश्य है. इसी संदेश के साथ इंस्टीट्यूट फॉर एक्सीलेंस इन हायर एजुकेशन (आईईएचई) भोपाल में युवा अभ्युदय कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**



जिसमें युवाओं को सामाजिक दायित्व और सेवा भाव से जोड़ने पर जोर दिया गया. सेवा संकल्प समिति के तत्वावधान में युवा सेवा भारती के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ. मुख्य अतिथि सेवा भारती मध्य भारत के प्रांतीय संगठन सचिव सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा कि समाज की समस्याओं का समाधान तभी संभव है, जब युवा जमीनी स्तर पर उतरकर कार्य करें और सेवा को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं. कार्यक्रम में कविता पाठ और भाषण के माध्यम से सेवा और नैतिक मूल्यों का संदेश दिया गया. अंत में विद्यार्थियों को सहभागिता के लिए बैज प्रदान किए गए.

कार्यक्रम में विशेष अतिथि युवा सेवा भारती के प्रांतीय समन्वयक संकल्प दीक्षित और महानगर समन्वयक कार्तिक सक्सेना ने युवाओं से समाज के कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया. आईईएचई के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने भारतीय परंपराओं के उदाहरण देते हुए कहा कि सेवा की शुरुआत परिवार से होती है और कर्म ही व्यक्ति का भविष्य तय करते हैं.

### एम्स में वायरल केराटाइटिस पर संदर्भ पुस्तक का विमोचन

**भोपाल, 6 जनवरी.** एम्स भोपाल के नेत्र रोग विभाग द्वारा वायरल केराटाइटिस विषय पर नई संदर्भ पुस्तक का विमोचन किया गया. यह नेत्र रोग विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) भावना शर्मा द्वारा संपादित दूसरी पुस्तक है. पुस्तक के सह-संपादक पद्मश्री प्रो. जे. एस. तितियाल एवं प्रो. राधिका टंडन हैं, जो एम्स नई दिल्ली के आर. पी. केंद्र की प्रमुख हैं. यह पुस्तक स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, फेलोज़, नेत्र रोग विशेषज्ञों एवं शोधकर्ताओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी.